# एनटीपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत ऑफिस : एनटीपीसी भवन, स्कोप कम्पलेक्स एरिया, लोदी रोड़, नई दिल्ली–110003

CIN-L40101DL1975GOI007966

## विज्ञापन सं. 01/25

एनटीपीसी लिमिटेड 76,708 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी है और ऊर्जा उत्पादन व्यवसाय की पूरी मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति रखती है। हमारे देश के विकास की चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की सकल स्थापित क्षमता हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना निरूपित की है।

एनटीपीसी को **नियत अवधि आधार** पर अपने **वाणिज्यिक** कार्य के लिए अनुभवी व्यावसायिकों की तलाश है। योग्यता विवरण नीचे दिया गया है:

**पद का नाम : वरिष्ठ कार्यपालक (वाणिज्यिक) – 8 पद**

**अपेक्षित योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60 फीसदी अंकों के साथ किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. डिग्री। पावर मैनेजमेंट/एनर्जी मैनेजमेंट में पीजीडीएम/एमबीए योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीदवारों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि उन्हें विद्युत क्षेत्र में नियामक ढांचे की अच्छी समझ हो।

**अनुभव प्रोफाइल:** वाणिज्यिक/व्यवसाय विकास में विद्युत क्षेत्र/प्रक्रिया उद्योग में न्यूनतम पांच (05) वर्ष का प्रासंगिक अनुभव। एसएपी/बीआई में काम करने का व्यावहारिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। एमएस–ऑफिस एप्लीकेशंस और पावर बीआई डैश बोर्डिंग सॉल्यूशंस में कार्य अनुभव को अतिरिक्त लाभ मिलेगा।,

**जॉब प्रोफाइल:** एनटीपीसी और संयुक्त उद्यमों के थर्मल (कोयला/गैस), हाइड्रो, नवीकरणीय (सौर, लघु हाइड्रो) विद्युत संयंत्रों की बिलिंग और बिक्री लेखांकन (एसएपी प्लेटफॉर्म के माध्यम से) करना। एसएपी में भुगतान मिलान और निपटान। बिलिंग और बिक्री लेखांकन के संबंध में लेखापरीक्षा प्रश्नों के उत्तर तैयार करना। बिलिंग के संबंध में ग्राहक के प्रश्नों के उत्तर तैयार करना। सौर ऊर्जा डेवलपर भुगतान प्रोसेसिंग। विभिन्न एमआईएस रिपोर्ट तैयार करना। कार्यप्रदर्शन और अन्य परिचालन मापदंडों के संबंध में स्टेशनों, एनटीपीसी और जेवी के एसईबी प्रबंधकों से डाटा संग्रह करना।

**ऊपरी आयु सीमा:** 38 वर्ष

**नियुक्ति की अवधि:** 03 वर्ष (जिसे कार्य प्रदर्शन एवं आवश्यकता के अनुसार आगे 02 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है)।

**पारिश्रमिक:** नियत मासिक समेकित राशि रु. 1,00,000/– इसके अलावा एचआरए/कंपनी आवास और स्वयं, पति/पत्नी, दो बच्चों एवं आश्रित माता–पिता के लिए चिकित्सा सुविधा।

**आरक्षण:**

| पद का नाम | सामान्य | ओबीसी | एससी | कुल |
|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठ कार्यपालक (वाणिज्यिक) | 5 | 2 | 1 | 8 |

ऊपर बताई गई अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के विवेक पर बढ़/घट सकती है। सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण।

पद के लिए पहचान की गई दिव्यांगताएं: (क) बी, एलवी (ख) डी, एचएच (ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी (घ) एमडी जिसमें (क) से (ग) शामिल है।

**दस्तावेज़ अपलोड करना:**

आवेदन करते समय सभी उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगे:

i) नाम और जन्मतिथि प्रमाण के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र/अंकपत्र।

ii) आधार कार्ड और पैन कार्ड।

iii) **इंजीनियरिंग डिग्री** का विवरण – समेकित अंकपत्र/प्रतिलेख/सभी सेमेस्टर अंकपत्र/डिग्री जो स्पष्ट रूप से सभी सेमेस्टर में कुल अंकों का प्रतिशत दर्शाते हैं।

iv) सीपीजीए/सीजीपीआई/डीजीपीए/सीजीआई/सीपीआई आदि में अंकों को प्रतिशत (%) में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान से अंक रूपांतरण फॉर्मूला।

v) पावर मैनेजमेंट/एनर्जी मैनेजमेंट में पीजीडीएम/एमबीए (यदि लागू हो) – अंतिम/अनंतिम प्रमाणपत्र, अंतिम वर्ष या समेकित अंकपत्र/प्रतिलेख स्पष्ट रूप से सभी सेमेस्टर में कुल अंकों का प्रतिशत दर्शाता हो।

vi) वाणिज्यिक/व्यावसायिक विकास में विद्युत क्षेत्र/प्रक्रिया उद्योग में 05 वर्षों के प्रासंगिक अनुभव के समर्थन में दस्तावेज़, अधिमानतः एसएपी/बीआई, एमएस–ऑफिस अनुप्रयोगों और पावर बीआई डैशबोर्डिंग सॉल्यूशंस में कार्य करने के अनुभव को दर्शाते हुए अनुभव दस्तावेज़ कालानुक्रमिक क्रम में होने चाहिए और इसमें नियुक्ति पत्र, ऑफर लेटर, प्रशिक्षण पूरा होने पर पुष्टिकरण पत्र/आदेश, यदि कोई हो, पदोन्नति आदेश, भूमिका असाइनमेंट आदेश, स्थानांतरण आदेश, सर्विस प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेजों के साथ अनुभव की प्रकृति को दर्शाने वाला अनुभव प्रमाण पत्र और उम्मीदवार के कार्यकाल और अनुभव की प्रकृति को प्रमाणित करने के लिए प्रमाण पत्र, कार्यमुक्ति पत्र और प्रति वर्ष 2 वेतन स्लिप शामिल होना चाहिए।

vii) जाति/दिव्यांगता प्रमाण पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी–एनसीएल/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए) जैसा लागू हो।

viii) चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024–25) के लिए ओबीसी–एनसीएल प्रमाणपत्र केंद्रीय प्रारूप में होना चाहिए।

ix) दिव्यांगता प्रमाण पत्र इस विज्ञापन में उल्लिखित पदों के लिए पहचान की गई दिव्यांगता के अनुरूप स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल (दिव्यांगता के प्रकार और प्रतिशत को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए) के माध्यम से ऑनलाइन जेनरेट किए गए नवीनतम निर्धारित केंद्र सरकार प्रारूप के अनुसार होना चाहिए।

x) ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में चालू वर्ष का आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा अर्थात् प्रमाण पत्र वित्त वर्ष 2023–24 की आय के आधार पर वित्त वर्ष 2024–25 के लिए वैध होना चाहिए।

**नोट– उम्मीदवारों को आवेदन करते समय सभी दस्तावेज आवश्यक रूप से अपलोड करने चाहिए। अपूर्ण/अपर्याप्त दस्तावेजों वाले आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं/आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किए जा सकते हैं।**

**स्वास्थ्य**

उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। पदभार संभालने से पहले, उम्मीदवारों को एनटीपीसी के किसी भी अस्पताल में चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा और निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी प्रकारी की छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर उपलब्ध हैं।

**सामान्य शर्तें:**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विष्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु/अनुभव आवश्यकता/योग्यता की सभी संगणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से प्रभावी होंगी।
4. किसी विषेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास सक्षम प्राधिकार से वैध एससी/एसटी/ओबीसी–एनसीएल/दिव्यांगता/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, होना आवष्यक है। जहां ऐसी श्रेणी के लिए रिक्ति की पहचान की गई है,

क. ऊपरी आयु सीमा में एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष, ओबीसी–एनसीएल उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट दी गई है। भूतपूर्व सैनिक को आयु में छूट सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगी।

ख. शैक्षिक योग्यता के संदर्भ में आवेदन करने के लिए एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को केवल उत्तीर्ण अंक की आवश्यकता है।

ग. एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए अनुभव के कुल वर्षों में 1 वर्ष की छूट दी जाएगी।

5. आवश्यकता के आधार पर, यदि जरूरी हुआ तो कंपनी बिना किसी नोटिस के और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को रद्द/प्रतिबंधित/कटौती/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
6. यदि आवश्यक हो तो उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए प्रबंधन आवश्यकता के अनुसार बहु–स्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार रखता है जिसमें आवेदन शॉर्टलिस्टिंग/स्क्रीनिंग (योग्यता/अंकों के प्रतिशत, अनुभव के वर्षों की सं. आदि के आधार पर)/लिखित/कंप्यूटर आधारित परीक्षा, व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि या उपरोक्त का संयोजन या न्यूनतम योग्यता मानकों को बढ़ाना शामिल हो सकता है।
7. नियुक्ति एनटीपीसी के किसी भी स्टेशन/परियोजना/जेवी/सहायक कंपनी/कॉर्पोरेट सेंटर में होगी। सभी पद प्रबंधन के एकल विवेकानुसार स्थानांतरणीय हैं।
8. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह ऊपर वर्णित पात्रता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार पूरा करता है/करती है और यह कि प्रस्तुत विवरण हर तरह से सही है। यदि भर्ती के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य(यों) को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः अमान्य हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी नोटिस के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में पक्ष–प्रचार करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
9. केवल यह तथ्य कि एक उम्मीदवार ने विज्ञापन के समक्ष आवेदन जमा किया है और स्पष्ट रूप से विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है, उसे साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने/चयन प्रक्रिया के लिए आगे विचार करने का अधिकार नहीं प्रदान करता ।
10. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कार्यवाही और (या इसके जवाब में आवेदन केवल दिल्ली में ही स्थापित किया जा सकता है और केवल दिल्ली में अदालतों/न्यायाधिकरणों/मंचों के पास ऐसा कारण/विवाद के संबंध में किसी भी कानूनी कार्यवाही के लिए एकमात्र और विशेष अधिकार क्षेत्र होगा।
11. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर लॉग ऑन करें या www.ntpc.co.in के करियर्स सेक्शन में जाएं। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास एक वैध ईमेल आईडी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस बैक के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा। सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार को 300/– रुपए के गैर–वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/भू पू सै श्रेणी और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

**ऑफलाइन माध्यम से भुगतान:** भारतीय स्टेट बैंक को एनटीपीसी की ओर से सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोड: 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाते (खाता संख्या 30987919993) में आवेदन शुल्क जमा करने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध ''पे–इन–स्लिप'' के प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा। पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप का उपयोग केवल आवंटित खाते में राशि के उचित क्रेडिट के लिए शुल्क जमा करने के लिए किया जाना चाहिए। धन प्राप्त होने पर, बैंक एक विशेष जर्नल नंबर और धन एकत्र करने वाले बैंक का एक शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल नंबर और शाखा कोड उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन के दौरान भरे जाने हैं। उम्मीदवार द्वारा गलत खाते में शुल्क जमा करने की स्थिति में एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

ऑनलाइन माध्यम से भुगतान: उम्मीदवारों के पास शुल्क का भुगतान ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) करने का विकल्प भी है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।

एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता मानदंड को सत्यापित कर लें। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा उत्पन्न आवेदन पर्ची को विशेष आवेदन संख्या के साथ डाउनलोड करना आवश्यक है। उम्मीदवार द्वारा भविष्य में संदर्भ के लिए आवेदन पर्ची की प्रति अपने पास रखी जा सकती है। डाक द्वारा हमें कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नही है।

यह अनिवार्य है कि पद के लिए आवेदन करते समय पात्र उम्मीदवार विज्ञापन का पूरा पाठ पढें और दी गई सभी शर्तों से सहमत हों। कोई भी संवर्धन/शुद्धिपत्र/अपडेट केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 21.01.2025**

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 04.02.2025**

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी*

25 x 30 CM